तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 5 दिसंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4

कमांडेंड पर लगे आरोप की जांच करने डिवीजनल कमांडेंड ने सैनिकों का आयोजित किया सम्मेलन




## खबर संक्षेप

### महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 8 को

**कोरबा।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कोरबा ब्लाक अंतर्गत विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयेजन 8 दिसंबर को विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा क्रमांक 01, में आयोजित किया जायेगा। प्रतियोगिता में 10 खेल - एथलेटिक्स में 100 मी, 400 मी, तवा फेंक, खो-खो, हॉकी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कुश्ती, बास्केटबॉल, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग, रस्साकसी को सम्मिलित किया गया है। महिला खेल प्रतियोगिता अंतर्गत 2 आयु वर्ग 9-18 वर्ष तक एवं 19-35 वर्ष तक महिला-बालिका खिलाड़ियों को भाग लेने की पात्रता होगी।

### नरेन्द्र को मिला भाजपा बुनकर प्रकोष्ठ में प्रदेश सह-संयोजक का दायित्व



**कोरबा।** भाजपा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव द्वारा मोर्चा-प्रकोष्ठों की नई सूची जारी कर दी गई है। जारी अधिकृत सूची में भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री एवं पार्षद नरेंद्र देवांगन को भाजपा बुनकर प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ का प्रदेश सह-संयोजक नियुक्त किया गया है। प्रदेश नेतृत्व के इस निर्णय के बाद जिले में उत्साह का माहौल है। नियुक्ति आदेश जारी होते ही पार्टी पदाधिकारियों, सामाजिक पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं व क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई दी है। कुछ महीनों पूर्व रायपुर में बुनकर प्रकोष्ठ का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में हज़ारों बुनकरों को एक मंच पर लाकर एक ऐतिहासिक कार्यक्रम हुआ था इसका नेनृत्व नरेंद्र देवांगन ने ही किया था। नवीन दायित्व पर जिलेभर के कार्यकर्ताओं ने कहा कि इससे जिले का प्रतिनिधित्व प्रदेश स्तर पर और मजबूत होगा तथा बुनकर समाज से जुड़े मुद्दों के समाधान की दिशा में नई ऊर्जा का संचार होगा।

### कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल का किया ऐलान

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर प्रदेशभर के कर्मचारी और अधिकारियों ने 29 से 31 दिसंबर तक तीन दिवसीय निश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। फेडरेशन का कहना है कि मोदी की गारंटी के तहत किए गए वादों को सरकार अब तक पूरा नहीं कर पाई है। महंगाई भत्ता, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, वेतन विसंगति सुधार और अर्जित अवकाश नकदीकरण बढ़ाने सहित कुल 11 प्रमुख मांगों को लेकर यह हड़ताल की जा रही है। फेडरेशन ने स्पष्ट किया है कि तीन दिनों तक जिले और प्रदेशभर में शासकीय कार्य प्रभावित होंगे और अधिकांश विभागों में कामकाज लगभग ठप रहने की संभावना है। फेडरेशन का आरोप है कि कर्मचारियों और अधिकारियों से की गई घोषणाओं पर सरकार कोई ठोस निर्णय नहीं ले रही है। 16 अगस्त को प्रथम चरण में कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव को मांग पत्र सौंपा गया था। इसके बाद 22 सितंबर को जिला मुख्यालय में धरना देकर दोबारा ज्ञापन सौंपा गया।

### बोर्ड परीक्षा की तैयारी में जुटे विद्यार्थी

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। इस बार 10वीं कक्षा के परीक्षार्थियों की संख्या में कमी दर्ज की गई है, जबकि 12वीं कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ी है। बोर्ड ने घोषणा की है कि 10वीं और 12वीं की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 1 जनवरी से आयोजित की जाएंगी। विद्यालयों को इसके लिए आवश्यक तैयारी और व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। लगभग एक दशक बाद बोर्ड ने नया प्रश्नपत्र ब्लूप्रिंट लागू किया है।

# अवैध उत्खनन व परिवहन के 231 प्रकरणों में 60 लाख से अधिक वसूल किया गया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में अवैध रूप से परिवहन एवं उत्खनन करने वालों के खिलाफ खनिज विभाग की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। पिछले पिछले 8 महीने में खनिज विभाग की टीम ने कुल 231 प्रकरण दर्ज कर 60 लाख से अधिक की राशि बतौर जुर्माने के रूप में वसूली की है।

जिले में बड़े पैमाने पर खनिज संपदा का भंडारण है, लेकिन रेत तस्कर विभाग के आंखों में धूल झोंक कर बड़े पैमाने पर रेत की अवैध तस्करी करते हैं, साथ ही अवैध उत्खनन भी करते हैं। ऐसे लोगों को सबक सीखाने के लिए कलेक्टर अजीत बसंत के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई है, जिसमें खनिज उप संचालक प्रमोद कुमार नायक के मार्गदर्शन में सहायक खनिज अधिकारी उत्तम खुंटे, खनिज इंस्पेक्टर

## खनिज विभाग ने सबस ज्यादा रेत परिवहन के 202 प्रकरण बनाए

**खास बातें**

- तस्करों के खिलाफ जिले में लगातार हो रही है कार्रवाई
- अवैध भंडारण में भी ठोका गया जुर्माना



## एक टिप्पर व पांच ट्रैक्टर को किया गया जब्त

जिले में भले ही खदानों में रॉयल्टी शुरू हो चुकी है, लेकिन इसके बाद भी रेत तस्कर अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं और जिन स्थानों में रॉयल्टी नहीं है उन स्थानों में घुसकर रेत की बड़े पैमाने पर चोरी कर रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ खनिज विभाग की टीम कार्यवाही कर रही है। गुरूवार को खनिज इंस्पेक्टर खिलावन कुल्हरिया व उनकी टीम ने शहर और आउटर के अलग-अलग स्थान में छापामारी की कार्रवाई की, जहां सीतामणी, भैसामुड़ा, तरदा, कुसमुंडा क्षेत्र में रेत का अवैध परिवहन करते हुए एक टिपर, 5 ट्रेक्टर को जब्त किया गया है। जब्त वाहनों को क्षेत्र के थाने में बतौर सुरक्षा के रूप में खड़ा कराया गया है। बताया जाता है अब इन सभी मामलों में खनिज विभाग खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही करेगी और तस्करों से जुर्माना वसूल करेगी।

खिलावन कुल्हरिया व उनकी टीम ⏭ शेष पेज 3 पर

## 56 करोड़ की लागत से बने इस हॉस्पिटल में अब तक पूरे डॉक्टर्स और मेडिकल टीम की नहीं हो सकी भर्ती

# ईएसआईसी हॉस्पिटल बना सफेद हाथी ना डॉक्टर्स ना ही जरुरी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ऊर्जानगरी में मजदूरों के इलाज के लिए 56 करोड़ की लागत से डिंगापुर में 100 बिस्तरों का अस्पताल बनाया गया। आज तक इस अस्पताल में मजदूरों के लिए इलाज संभव नहीं हो सका है। ईएसआईसी अस्पताल मिलने के बाद आज 6 साल बीत गए हैं लेकिन आज भी ये अस्पताल डॉक्टर और मरीजों की राह देख रहा है। आज भी मजदूरों को इस अस्पताल में बेहतर इलाज का इंतजार है। यह अस्पताल सिर्फ और सिर्फ अपनी आलीशान बिल्डिंग और मरीजों को यहां से रेफर करने के लिए जाना जाता है। मजदूर को कैशलेस स्कीम के तहत ठोस और अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं वाला इलाज मिलने का सपना अब भी अधूरा है।

अस्पताल से सिर्फ मजदूरों को रेफर किया जा रहा है। इस हॉस्पिटल में एक डेंटिस्ट और एक आई स्पेशलिस्ट की पदस्थापना है। इसके अलावा अस्पताल में किसी भी तरह के कोई सुविधा नहीं है। एक्स-रे और सोनोग्राफी जैसी सुविधाओं के लिए भी मजदूरों को निजी अस्पतालों की ओर रुख करना पड़ता है। ईएसआईसी के 100 बेड अस्पताल में एडमिनिस्ट्रेशन लेवल पर मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, असिस्टेंट मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, डिप्टी डायरेक्टर सहित उच्च स्तर के लिए कल 28 पद स्वीकृत हैं। 50 बेड में ये संख्या 18 है। जिले में एमएस के साथ ही असिस्टेंट डायरेक्टर और कुछ ही पदों पर अफसर नियुक्त किए गए हैं. इसी तरह स्पेशलिस्ट चिकित्सकों के 14 रेगुलर और 5 कांट्रैक्ट बेसिस के पद स्वीकृत किए गए हैं। 50 बेड अस्पताल में कोरबा के लिए 8 रेगुलर और पांच कॉन्ट्रैक्ट स्पेशलिस्ट चिकित्सकों के पद स्वीकृत हैं। एनेस्थीसिया, चेस्ट(पलमोनरी) डेंटल, डर्मेटोलॉजी, ईएनटी, जनरल मेडिसिन, आई, जनरल सर्जरी, ओबेसिटी एंड गाइनेकोलॉजिस्ट, ऑर्थोपेडिक्स, पीडियाट्रिक्स, पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी स्तर के डॉक्टर्स के पद स्वीकृत हैं। इसी तरह जनरल ड्यूटी और मेडिकल ऑपरेशंस के लिए डॉक्टरों के 38 पद स्वीकृत हैं। 50 बेड अस्पताल के लिए यह संख्या 26 है। ईएसआईसी के हंड्रेड बेड अस्पताल में स्टाफ नर्स नर्सिंग सिस्टर एएनएम सहित गैर मेडिकल स्टाफ को मिलाकर 185 पद स्वीकृत किए गए हैं फिलहाल 50 बेड अस्पताल के हिसाब से कोरबा के लिए इस कैटेगरी में भी 112 पद स्वीकृत है.पैरामेडिकल स्टाफ कैटेगरी में भी डाइटिशियन, रेडियोग्राफर, जूनियर रेडियोग्राफर, फार्मासिस्ट, ड्रेसर सहित 18 प्रकार के अलग-अलग पदों पर कु 50 मेडिकल स्टाफ के पद स्वीकृत हैं लेकिन इनके विरुद्ध भी भर्ती नहीं की गई है।

## कब मिलता है ईएसआईसी हॉस्पिटल

कर्मचारी राज्य बीमा निगम केंद्र सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली संस्था है। नियम के तहत किसी भी असंगठित क्षेत्र की संस्था में यदि 10 या इससे अधिक कर्मचारी हैं तो उनके मूल वेतन से 1.75 प्रतिशत के अंशदान के साथ नियोक्ता को ईएसआईसी से लाइसेंस लेना होगा। फिर उन्हें कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा दी जाती है। इस स्कीम के तहत फैक्ट्री, कारखानों में काम करने वाले कर्मचारी और ठेका श्रमिकों को कवर किया जाता है। जिनकी तनख्वाह 21 हजार रुपये या इससे कम है। बीमारी स्थाई, विकलांगता या मृत्यु होने पर भी ढेरों सुविधाएं मिलती हैं। मेडिकल लीव पर होने पर भी कर्मचारियों को वेतन की सुविधा दी जाती है। किसी भी जिले में यदि ईएसआईसी के 50 हजार या इससे अधिक बीमित कर्मचारी और उनके आश्रित परिजन हैं तो वहां 100 बेड अस्पताल की स्थापना की जाती है। जिले ने यह अर्हता वर्ष 2012-13 में ही पार कर ली थी। वर्तमान में जिले में बीमित व्यक्तियों की संख्या 1 लाख से भी अधिक है।

## रिफरल सेंटर बनकर रह गया अस्पताल

ईएसआईसी बीमित व्यक्ति को कैशलेस सुविधा मिलती है लेकिन यदि स्वयं की सुविधा नहीं है तो बीमित व्यक्ति को रेफरल की सुविधा मिलती है। जिले में भी तीन बड़े निजी अस्पतालों से ईएसआईसी का अनुबंध है। इसके लिए ईएसआईसी के अधिकारी इसका कंसेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉक्टर्स से लेते हैं लेकिन इस कंसर्न को लेने के लिए मरीज या परिजन पहले मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल जाते हैं। फिर उसे वापस लेकर ईएसआईसी के अफसरों के पास आते हैं। इसके बाद मरीजों को किसी दूसरे हायर सेंटर में रेफर किया जाता है। यह प्रक्रिया बेहद जटिल होने के कारण कई मरीज बीच में ही निजी हॉस्पिटल का रुख कर लेते हैं क्योंकि कई बार इमरजेंसी में रेफरल सिस्टम काम नहीं आती।

# स्वास्थ्य सुविधा का बुरा हाल समय पर नहीं मिल रही एंबुलेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिले में स्वास्थ्य सुविधा का बुरा हाल है। आबादी बढ़ने के बाद भी एंबुलेंस की सुविधा पुरानी व्यवस्था के तहत चल रही है। इसमें भी महतारी एक्सप्रेस की चार गाड़ियों का संचालन बंद हो गया। ज्यादातर गाड़ियां खटारा हो चुकी हैं। 108 संजीवनी एक्सप्रेस गाड़ियों की समय पर मेंटेनेंस नहीं होने से कई बार बीच सड़क पर खराब हो रही है।

**खास बात**

- दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद 4 महतारी एक्सप्रेस का संचालन बंद

जिले की आबादी लगभग 12 लाख से अधिक हो गई है। इसमें से ज्यादातर आबादी ग्रामीण और सुदूर वनांचल क्षेत्र में है। लेकिन स्वास्थ्य सुविधा के तहत महतारी एक्सप्रेस और संजीवनी एक्सप्रेस की गाड़ियां मरीज व गर्भवती महिलाओं को समय पर नहीं मिल रही है। सबसे अधिक दुर्घटना सहित अन्य आपातकालीन स्थिति में जिला अस्पताल या फिर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से हायर सेंटर बिलासपुर और रायपुर जाने के लिए सयम पर गाड़ियां नहीं मिल पाती है। बताया जा रहा है कि नेशनल हेल्थ मिशन अंतर्गत जिले में गर्भवती महिलाओं और एक साल तक ⏭ शेष पेज 3 पर

## 11 संजीवनी एक्सप्रेस संचालित

जिले में 11 संजीवनी एक्सप्रेस संचालित हैं। इसमें से कटघोरा, पोड़ी उपरोड़ा, में एक-एक और करतला, पाली और जिला अस्पताल में दो-दो व कोरबा विकासखंड में तीन गाड़ियां हैं। जबकि हाइवे लगे कटघोरा, पोड़ी उपरोड़ा सहित अन्य मुख्य मार्गों पर सबसे अधिक हादसे हो रहे हैं। इस दौरान परेशानी बढ़ जाती है। इसके अलावा महतारी एक्सप्रेस की 14 गाड़ियां मिली थी।

## समय पर जांच नहीं, एंबुलेंस में हो रहा प्रसव

विकासखंडों में महतारी एक्सप्रेस की कमी है। गर्भवती महिलाओं के परिजनों के फोन करने पर भी गाड़ी समय पर नहीं पहुंच पाती है। इस कारण गर्भवती महिलाओं को प्रसव संबंधी सहायता, प्रसव पूर्व जांच नहीं मिल पाती है। प्रसव संबंधी जानकारी देरी से मिलने पर महिलाओं का प्रसव एंबुलेंस में ही हो जाती है। इस तरह के मामले में सबसे अधिक पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के क्षेत्रों से सामने आते हैं। बारिश के मौसम में परेशानी और बढ़ सकता है।

# ग्रामीणों ने घेरा गेवरा महाप्रबंधक कार्यालय, किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा खदान से प्रभावित ग्राम पोड़ी बाहनपाठ और अमगांव के ग्रामीणों ने जिला महिला कांग्रेस ग्रामीण के नेतृत्व में गेवरा जीएम कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों व ग्रामीणों ने एसईसीएल प्रबंधन को 4 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा है। साथ ही 15 दिनों के भीतर मांगें पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

**खास बात**

- जिला महिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में खोला मोर्चा



प्रदर्शन करते ग्रामीण।

जिला महिला कांग्रेस कमेटी कोरबा (ग्रामीण) के अध्यक्ष प्रभा सिंह तंवर के नेतृत्व में गुरुवार को भूविस्थापितों की अनदेखी के खिलाफ एसईसीएल गेवरा कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया गया। सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक चले धरना प्रदर्शन दौरान महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों ने एसईसीएल प्रबंधन की पुनर्वास नीति में महिलाओं के प्रति भेदभाव की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह प्रदर्शन उन संवेदनशील मामलों पर केंद्रित था जहां विधवाओं और हकदार विस्थापितों को वर्षों से बसाहट राशि से वंचित रखा गया है। धरने को संबोधित करते हुए जिला महिला कांग्रेस कमेटी ⏭ शेष पेज 3 पर

# बुजुर्ग महिला से मारपीट कर युवक ने किया अनाचार ग्रामीणों का फूटा आक्रोश, जमकर की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 65 वर्षीय वृद्ध महिला अपने घर से सुबह खेत गई हुई थी, जहां उसका सामना एक युवक से हो गया। उस युवक ने महिला के साथ पहले मारपीट की और बलपूर्वक उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। दुष्कर्म करने के बाद युवक वहां से भाग निकला। वृद्ध महिला ने अपनी आपबीती अपने परिजनों को बताई। फिर क्या था जैसे ही गांव के लोगों को इस घटना की जानकारी मिली लोगों में आक्रोश फूट पड़ा और युवक के गांव पहुंचकर उसे बस स्टैंड में जमकर पिटाई की गई। युवक को उपचार के लिए अस्पताल दाखिल कराया गया है। वहीं घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। पुलिस ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले युवक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम बरपाली की है। यहां निवासरत यशवंत मिरी नामक युवक सुबह लगभग 10 बजे ग्राम पुरैना गया हुआ था, जहां इस दौरान गांव में रहने वाली एक 65 वर्षीय वृद्ध महिला खेत गई हुई थी।

**खास बात**

- उरगा थाना क्षेत्र का मामला युवक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में कराया गया भर्ती



आरोपी।

सूनसान इलाका होने की वजह से यशवंत मिरी की नियत बिगड़ गई और उसने वृद्ध महिला के साथ पहले बेरहमी पूर्वक मारपीट की घटना हो अंजाम दिया और बाद में जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म की घटना हो अंजाम दिया है। महिला की आवाज सुनकर ग्रामीण वहां पहुंचे तो वह मौके से भाग निकला। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपी की तलाश की और उसे बरपाली बस स्टैंड में पकड़कर जमकर पिटाई की। इसके बाद उसे पुलिस के हवाले सौंप दिया गया। पुलिस ने पीड़ित महिला की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है तथा महिला को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेजा गया है। वहीं मारपीट की घटना में यशवंत मिरी भी घायल हो गया है, जिसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है।


## 3 अरब 33 करोड़ राम नाम लिखने के लिए अभियान प्रारंभ

# सामाजिक समरसता के लिए शुरू हुआ राम नाम लेखन महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में राम नाम लेखन महायज्ञ का अभिनव प्रयोग किया गया है। राम जानकी मंदिर परिसर बुधवारी बाजार में पूजा अर्चना के साथ इसकी शुरुआत की गई। प्रारंभिक सोपान में 15 हजार राम नाम लेखन वाली पुस्तक उपलब्ध हुई है, जिनकी पूजा की गई। इस अवसर पर लोग काफी उत्साहित नजर आए।


शहर और विभिन्न क्षेत्रों से लोगों की इस अवसर पर उपस्थिति हुई। मंदिर के पुरोहित ने विधि विधान के साथ भगवान श्री रामचंद्र के विग्रह के सामने पुस्तकों की पूजा सम्पन्न कराई। इसके साथ ही जिले के चयनित क्षेत्र के लिए इन पुस्तकों का वितरण किया गया। राम नाम लेखन महायज्ञ के जिला संयोजक राम सिंह अग्रवाल ने बताया कि 3 अब 33 करोड़ राम नाम लेखन इन पुस्तिका में लिखा जाना है। लगभग 3 लाख पुस्तिका इस अभियान का हिस्सा बनेंगी। अभियान की शुरुआत होने के साथ पुस्तकों का वितरण विभिन्न क्षेत्रों में किया जाएगा। इसके बाद यह पुस्तक लोगों तक पहुंचेंगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह कैलाश नाहक यह बताया कि संघ के 100 वर्ष पूरे होने को उपलक्ष में इस अभियान को कोरबा जिले में हाथ में लिया गया है। नगर से लेकर बस्ती और मंडल तक इसकी संरचना की गई है। अभियान के अंतर्गत एक परिवार में तीन पुस्तक दी जाएगी और वहां से हमें 48 हजार राम नाम प्राप्त होंगे। जिला कार्यवाही ने बताया कि 18 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती से राम नाम लेखन अभियान विधिवत प्रारंभ होगा। बड़े स्तर पर इस अभियान पर हम काम करेंगे। एक सप्ताह में राम नाम लेखन पूरा होगा और इसके बाद पुस्तिकाओं का संग्रहण करने के बाद राम मंदिर अयोध्या की दूसरी वर्षगांच से पहले इसे वहां भिजवाया जाएगा। राम नाम लेखन अभियान के श्री गणेश के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघचालक अशोक तिवारी सहित शेषमणि त्रिपाठी, कमलेश यादव, उमेदराम साहू, राजकुमार ठाकुर, उमेश सोनी सहित मातृशक्ति की उपस्थिति रही।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं अन्य।

## न्यूनतम तापमान में गिरावट के आसार

**कोरबा।** तापमान का पारा फिर गिरने लगा है। मौसम में फिर से बदलाव के संकेत हैं। अगले दो दिन में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आ सकती है। इससे ठंड फिर बढ़ जाएगी। बुधवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के करीब रहा।

## खबर संक्षेप

### चार जिला युवा कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष की हुई नियुक्ति

**कोरबा।** जिला युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष राकेश पंकज ने 4 ब्लाक अध्यक्षों की नियुक्ति की है। शहर अध्यक्ष राकेश पंकज ने भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश प्रभारी अमित पटानिया, सह प्रभारी डॉ मोनिका मंडरे, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, प्रदेश सचिव एवं कोरबा जिला युवा कांग्रेस प्रभारी पुष्पेंद्र साहू के अनुमोदन से कोरबा, दर्री, कुसमुण्डा व बालको में युवा कांग्रेस के नए ब्लाक अध्यक्षों की नियुक्ति की है। भारतीय युवा कांग्रेस कोरबा शहर द्वारा सुशील निर्मलकर को कोरबा ब्लॉक अध्यक्ष, हरीशचंद्र भारती को दर्री ब्लाक अध्यक्ष, रवीश यादव को कुसमुण्डा ब्लाक अध्यक्ष और बाबिल मिरी को बालको युवा कांग्रेस का ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। भारतीय युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष राकेश पंकज ने नवनियुक्त युवा कांग्रेस ब्लाक अध्यक्षों से युवा कांग्रेस के दिशा निर्देश के तहत युवाओं व छात्रों के हित में कार्य करने की बात कही है। नए युवा कांग्रेस ब्लाक अध्यक्षों की नियुक्ति से स्थानीय युवाओं में हर्ष व्याप्त है।


सुनील निर्मलकर


हरीशचंद भारती


रवीश यादव


बाबिल मिरी

### धान के अवैध भंडारण पर कार्रवाई 116 क्विंटल की बनाई जब्ती



**जांजगीर-चांपा।** धान के अवैध भंडारण पर कार्रवाई करते हुए 116 क्विंटल अवैध धान की जब्ती बनाई गई है। राजस्व मंडी एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की है। लगातार हो रही कार्रवाई के चलते बिचौलियों में हडकंप मचा हुआ है। धान खरीदी में तेजी आने के साथ ही बिचौलिए उपार्जन केन्द्रों में अपना धान खपाते है। इस पर रोक लगाने जिला प्रशासन ने जिला स्तरीय टीम बनाई है। टीम द्वारा लगातार जांच व कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में गुरूवार 4 दिसंबर को तहसील बलौदा क्षेत्र में संयुक्त टीम द्वारा अवैध धान भंडारण पर कार्रवाई की गई। राजस्व, मंडी एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने तीन स्थानों से कुल 116 क्विंटल अवैध धान जप्त किया। ग्राम नवापारा (ख) स्थित बद्री किराना दुकान से 40 क्विंटल, अजय किराना स्टोर, खिसोरा से 42 क्विंटल,सुनील किराना स्टोर, खिसोरा से 24 क्विंटल टीम द्वारा मौके पर आवश्यक पंचनामा तैयार कर धान को कब्जे में लिया गया है। समस्त दुकानदारों के विरुद्ध मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। इससे पहले बुधवार को भी टीम ने 6 स्थानों से 3 सौ क्विंटल अवैध धान जब्त किया था। वहीं दो दिन पहले 835 क्विंटल धान और धान का परिवहन करते दो वाहनों को जब्त कर कार्रवाई की गई थी। लगातार हो रही कार्रवाई से बिचौलियों में हडकंप मचा है।

### मारपीट करने के मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार

**नवागढ़।** पुरानी रंजिश को लकर एक राय होकरघर अंदर घुसकर मारपीट करने के मामले में 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला नवागढ थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में नवागढ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 1 दिसंबर को शाम करीब 6 बजे आरोपी आरोपियों द्वारा एक राय होकर पुरानी रंजिश को लेकर अश्लील गाली करते हुए घर अंदर घुसकर गैती का बेट, डंडा से मारपीट किया था। जिसकी सूचना रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध थाना नवागढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## निधन

### श्रीमती सुशील पाण्डेय



**कोरबा।** पुरानी बस्ती निवासी श्रीमती सुशील पाण्डेय का गुरूवार को निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रही थीं। उनका अंतिम अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मोतीसागरपारा में किया गया। वे केशव प्रसाद पाण्डेय की चाची, प्रकाश पाण्डेय, विकास पाण्डेय श्रीमती रेणु पाठक की माता थीं। वे अपने पीछे नाती पोतों से भरा पूरा परिवार शोकसंतप्त छोड़ गई हैं।

### वार्षिक खेलकूद और स्व.नितेश कुमार स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारम्भ

# बच्चों के विकास में खेलकूद का विशेष महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम खरहरकुड़ा मड़वारानी में संचालित एनकेएम लायंस पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद और स्व.नितेश कुमार स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारम्भ कर्नल अमित यादव के मुख्य आतिथ्य एवं विद्यालय के चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डॉ.राजकुमार अग्रवाल की अध्यक्षता मे किया गया। कार्यक्रम में सूबेदार रामदेव साहू, हवलदार धर्मेंद्र सिन्हा, हवलदार दुर्गेश कुमार राठौर विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप मे उपस्थित थे। उपस्थित अतिथियों ने भारत माता एवं खेल जगत के मेजर ध्यानचंद जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन कर माल्यार्पण कर वार्षिक खेलकूद एवं स्व.नितेश कुमार स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का विधिवत शुभारम्भ मशाल जलाकर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का तिलक लगाकर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। स्वागत पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल अमित यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेलकूद का विशेष महत्व होता है। पढ़ाई लिखाई से जहां बच्चों का मानसिक विकास होता है, वहीं खेलकूद से बच्चों का शारीरिक विकास होता है। विद्यालय के चेयरमेन ने अपने उद्बोधन में सभी बच्चों को वार्षिक खेलकूद में अच्छे से अच्छा प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की प्रचार्या श्रीमती शोमा सोनी ने कहा- हमारा प्रयास है कि स्कूल का हर एक छात्र पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लें ताकि वो हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकें। स्व.नितेश कुमार स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रथम दिवस का मैच पुरैना टीम और सुखरीकला टीम के बीच हुआ जिसमें पुरैना टीम विजयी रही। अंत मे उपस्थित अतिथियों को विद्यालय की ओर से शाल, श्रीफल से सम्मानित करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।


प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी।

## जूनियर स्टेट खो-खो चैंपियनशिप में आर्यन पब्लिक स्कूल के 8 छात्र चयनित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ अमेच्योर खो-खो एसोसिएशन द्वारा आयोजित किए जा रहे जूनियर स्टेट खो-खो चैंपियनशिप (बालक) के लिए उरगा स्थित आर्यन पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत 8 छात्रों का चयन किया गया हैं। आर्यन पब्लिक स्कूल उरगा के उप-प्राचार्य ए.के. सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ अमेच्योर खो-खो एसोसिएशन द्वारा राज्य स्तरीय खो-खो चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है, जिसके लिए एसोसिएशन द्वारा राज्य के समस्त जिलों में इंटर स्कूल कंपटीशन के माध्यम से प्रतियोगीयों का चयन किया जा रहा है। जिले में आयोजित इंटर स्कूल कंपटीशन में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें स्पोर्ट शिक्षक सुनील कुमार यादव के मार्गदर्शन में आर्यन पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत 8 छात्रों का चयन जूनियर स्टेट खो-खो चैंपियनशिप (बालक) के लिए हुआ है। श्री सिंह ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु इतनी बड़ी संख्या में विद्यालय के छात्रों का चयन आर्यन पब्लिक स्कूल उरगा के लिए गर्व का क्षण है। इस दौरान विद्यालय के चेयरमैन विशाल अग्रवाल, डायरेक्टर स्मिता अग्रवाल, प्राचार्य भूपेन्द्र कुमार पाण्डेय सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण ने उन्हें बधाई दी है।

# छोटे व्यापारियों पर बालको प्रबंधन की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने बालको टाउनशिप में वर्ष 1985 से व्यवसाय कर रहे छोटे व्यापारियों ठेला-व्यवसायियों के विरुद्ध बालको प्रबंधन द्वारा की जा रही अवैध, दमनात्मक कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने एवं पुनर्वास हेतु निर्देश जारी करने की मांग रखी है।

पूर्व मंत्री ने कलेक्टर को लिखे गए पत्र में उल्लेख किया है कि बालको टाउनशिप क्षेत्र में करीब 40-45 वर्षों से (लगभग वर्ष 1980-85 से) निरंतर पान ठेला, नाई की दुकान, धोबी की दुकान, साइकिल मरम्मत, रजाई-गद्दा निर्माण, अंडा दुकान, सब्जी, दूध व फल आदि के छोटे व्यवसाय संचालित करने वाले अनेक व्यापारी/ठेला संचालक आज जीविकोपार्जन के सर्वाधिक संकटपूर्ण दौर से गुजर रहे हैं। ये सभी व्यापारी पिछले कई दशकों से बालको प्रबंधन को निरंतर एवं नियमित किराया अदा करते हुए विधिसम्मत रूप से व्यवसाय चला रहे थे। ऐसे में बालको प्रबंधन द्वारा बिना इनका पक्ष सुने, बिना वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराए, तथा बिना किसी पुनर्वास योजना के उन्हें टाउनशिप से हटाने की प्रक्रिया प्रारंभ करना पूर्णतः गलत है। व्यापारियों की ओर से बार-बार अनुरोध किए जाने के बावजूद बालको प्रबंधन ने आज तक कोई वैकल्पिक स्थान उपलब्ध नहीं कराया गया है। जिससे यह कार्रवाई उन लघु व्यवसायियों के लिए रोजगार-विनाशकारी होने के साथ-साथ विधिसम्मत मौलिक अधिकारों का प्रत्यक्ष हनन है।


जयसिंह अग्रवाल

**खास बात**
- पूर्व मंत्री ने कलेक्टर को लिखा पत्र

# श्री अग्रसेन स्कूल में खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता के अवसर मुख्य अतिथि हरस्वरूप अग्रवाल व राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल उपस्थित हुए। श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा मसाल प्रज्वलित कर खेल महाकुम्भ का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर मंचीय कार्यक्रम में श्री अग्रसेन शिक्षण समिति विद्यालय के अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल ने कहा कि तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का अयोजन हो रहा है। खेल बच्चों के शारीरिक विकास के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के सचिव गोपाल अग्रवाल ने कहा कि बच्चों के विकास के लिए खेलकूद का बहुत महत्व है, जिससे उनका विकास होता है। मुख्य अतिथि हरस्वरूप अग्रवाल ने कहा कि खेल प्रतियोगिता को लेकर छात्र एवं छात्राओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। योग से बच्चों के बीच शरीरिक मानसिक और बौद्धिक विकास होता है जिसमें हमें जीवन का हिस्सा बना लेना चाहिए । राजेन्द्र अग्रवाल के द्वारा छात्र छात्राओं को खेल प्रतियोगिता की हिस्सा लेना और प्रतिभा दिखने की बात कही गई । तीन दिवसिय खेल प्रतियोगिता में खो खो, किकेट जूनियर व सिनियर, बेरिमेटन, धीमी साइकिल रेस, बालिवाल उची कुद, लम्बी कुद, 100 मीटर दौड, व अन्य प्रतियोगित का अयोजन किया जा रहा है जिसमें बच्चों के द्वारा बडी संख्या में भाग लिया गया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के सचिव गोपाल अग्रवाल, श्री अग्रसेन शिक्षण समिति विद्यालय के सचिव त्रिलोक नाथ बजाज, श्रीमति अनिता सिंघल, श्रीमति नेहा पोददार, जगदीश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, प्रखर बगड़िया, अनिल अग्रवाल व शिक्षक शिक्षकाऐं व छात्र छात्राऐं उपस्थित थे।


मार्च पास्ट करते छात्र।

## दीक्षांत समारोह में पूर्व राष्ट्रपति कोविंद

- 64 शोद्यार्थियों को शोध उपाधि
- 92 गोल्ड मेडल
- 36950 स्नातक एवं स्नातकोत्तर उपाधि



**रायपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के छठवें दीक्षांत समारोह का आयोजन गुरुवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के मुख्य आतिथ्य में गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल रमेन डेका ने की। अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव तथा उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य डॉ. दिवाकर नाथ वाजपेयी उपस्थित रहे। समारोह में 64 शोद्यार्थियों को शोध उपाधि, 92 गोल्ड मेडल एवं 36950 स्नातक एवं स्नातकोत्तर उपाधि दी गई।

## अफसरों ने दी दबिश, उम्र कम मिलने पर रूकवाई शादी

**जांजगीर-चांपा।** बाल विवाह की सूचना पर अफसरों की टीम ने बारगांव में दबिश देकर नाबालिग बालिका का विवाह रूकवाया गया। साथ ही निर्धारित उम्र में विवाह करने की सलाह दी।

कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में बाल विवाह की सूचना पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती अनिता अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र सिंह जायसवाल के नेतृत्व में टीम ने ग्राम बारगांव (पामगढ़) पहुंचकर संभावित बाल विवाह की जांच की। जांच के दौरान बालिका की अंकसूची का परीक्षण किया गया, जिसमें उसकी आयु 17 वर्ष 6 माह 24 दिन पाई गई जो विवाह की निर्धारित आयु सीमा से कम थी। इस पर विभागीय दल ने बालिका, माता-पिता एवं स्थानीय ग्रामीणों को बाल विवाह के दुष्परिणामों तथा कानूनी प्रावधानों से अवगत कराते हुए समझाइश दी। समझाइश के बाद स्थानीय लोगों की उपस्थिति में बालिका के माता-पिता की सहमति से विवाह को रोक दिया गया तथा बाल विवाह न करने संबंधी घोषणा पत्र एवं राजीनामा पत्र पर हस्ताक्षर किए।

# अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन समाज कल्याण विभाग कोरबा एवं स्कूल शिक्षा विभाग कोरबा के संयुक्त तत्वावधान में साडा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, टी.पी. नगर, कोरबा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन एवं श्रीमती प्रेमलता बंजारे उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ उपसंचालक समाज कल्याण हरीश कुमार सक्सेना एवं सचिव, विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा सुश्री डिंपल भेड़िया द्वारा माता सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। इनरव्हील एजुकेशन सोसायटी, अंकुर स्पेशल स्कूल एवं उमंग दिव्यांग विद्यालय द्वारा बनाए गए चित्रों एवं अन्य कलाकृतियों का स्टॉल लगाया गया, जिसका अवलोकन अतिथियों द्वारा किया गया। विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशक्तजन अधिकार अधिनियम 2016 की जानकारी बच्चों को प्रदान की गई। सचिव श्रीमती भेड़िया द्वारा श्रवणबाधित बच्चों की 50 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। विशेष विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी टी.पी. उपाध्याय ने समग्र शिक्षा मिशन अंतर्गत दिव्यांग छात्रों के लिए संचालित योजनाओं एवं सहयोगात्मक व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी।


सम्मान करते अतिथि।

### दिव्यांगजनों के पास दिव्यांगता के साथ कुछ विशेष गुण भी उपलब्ध : डिंपल

कोरबा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण और स्वयंसेवी संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी विद्यालय साडा, जिला कोरबा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सचिव कु. डिम्पल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा ने दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 के तहत अधिकारों को बढ़ावा देना एवं चुनौतियों के प्रति जागरूक करना तथा दिव्यांग बच्चों को शिक्षा रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, आवागमन और न्याय तक समान अवसर, समान सम्मान, गैर भेद-भाव का पूर्ण कानूनी अधिकार के बारे में जागरूक किया साथ ही दिव्यांग छात्र/छात्राओं को उपहार में चित्रकला सामग्री वितरित कर उनके द्वारा बनाये गये चित्रकला का अवलोकन कर, एकता दौड़ को हरी झण्डी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रोहित राजवाड़े, चीफ, लीगल एड डिफेन्स कौंसिल ने दिव्यांगजनों को बताया कि ईश्वर ने आपसे कुछ लिया है तो कुछ विशेष दिया भी है दिव्यांगता के साथ कुछ विशेष गुण उपलब्धियां दिया है जिससे आप श्रेष्ठता की शिखर तक पहुँचते है एवं डिप्टी चीफ नंदकिशोर पासवान ने प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले बच्चे एवं अभिभावकों को इस दिवस को एक उत्सव के रूप में मनाये जाने की प्रेरणा दी।

# श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह प्रसंग का वर्णन जीवात्मा परमात्मा के मिलन का प्रतीक: देवी तन्नू


कथा में प्रदर्शित जीवंत झांकी।


कथा सुनते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालकोनगर परसाभांठा वार्ड में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा यज्ञ के 6वें दिन कथा वाचक देवी तन्नू पाठक ने अपने श्रीमुख से रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया। फूलों की वर्षा की गई और भक्तगण भाव विभोर होकर झूम उठे। कथा वाचक देवी तन्नू पाठक ने कहा कि यह कथा भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं में से एक है, जिसमें भक्ति, प्रेम और ईश्वरीय योजना का अद्भुत संगम है। उन्होंने कथा को विस्तार से सुनाते हुए बताया कि विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री रुक्मिणी ने देवर्षि नारद और अन्य लोगों से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य, और वीरता की कहानियाँ सुनकर उन्हें मन ही मन अपना पति मान लिया था। रुक्मिणी का बड़ा भाई रुक्मी, जो श्रीकृष्ण से द्वेष रखता था, इस विवाह के विरुद्ध था। उसने अपने पिता की इच्छा के विरुद्ध जाकर रुक्मिणी का विवाह चेदि नरेश राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल के साथ तय कर दिया, जो कि रुक्मिणी को स्वीकार नहीं था। विवाह की तिथि निश्चित होने पर, रुक्मिणी ने एक ब्राह्मण के माध्यम से श्रीकृष्ण को एक गोपनीय पत्र भेजा। इस पत्र में उन्होंने अपने प्रेम का इजहार किया और उनसे विवाह से ठीक पहले, देवी अंबिका (पार्वती) के मंदिर जाने के दौरान उनका हरण करने का अनुरोध किया। श्रीकृष्ण ने संदेश स्वीकार किया और अपने बड़े भाई बलराम के साथ विदर्भ की राजधानी कुंडीनपुर पहुँचे। जब रुक्मिणी देवी अंबिका के मंदिर में पूजा-अर्चना करने गईं, तो श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं और रुक्मी के सामने उनका हरण कर अपने रथ में बिठा लिया और द्वारका के लिए प्रस्थान किया। रुक्मी और अन्य राजाओं ने श्रीकृष्ण का पीछा किया, लेकिन श्रीकृष्ण और बलराम ने उन्हें पराजित कर दिया। रुक्मी को श्रीकृष्ण ने हरा दिया, लेकिन रुक्मिणी के अनुरोध पर उसे जीवनदान दे दिया और द्वारका पहुँचकर श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी के साथ विवाह किया। इस प्रकार यह दिव्य प्रेम कहानी विवाह के पवित्र बंधन में बंध गई।

# गेवरा में मां भगवती शत चंडी महायज्ञ का शुभारंभ


कलश यात्रा में शामिल यजमान व महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया की मेगा प्रोजेक्ट एसईसीएल गेवरा एरिया में मंगलवार से शुरू हुआ शत चंडी महायज्ञ 8 दिसंबर तक चलने वाला है, जिसमें गेवरा परियोजना क्षेत्र में भव्य पंडाल लगाकर गौरी गणपति की स्थापना करते हुए मां भगवती शत चंडी महायज्ञ का आयोजन संपन्न होने जा रहा है। यह यज्ञ एसईसीएल गेवरा के महाप्रबंधक अरुण कुमार त्यागी एवं एसईसीएल गेवरा के सभी अधिकारियों और श्रमिक नेताओं तथा कर्मचारी के साथ मिलकर यह भव्य आयोजन को पूरे विधि विधान के साथ क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि के लिए आहट की गई है। इस यज्ञ की शुरुआत ऊर्जा नगर स्थित बड़ा शिव मंदिर तालाब से जल भरकर क्षेत्र की महिलाओं ने कलश स्थापना में अपना विशेष सहयोग प्रदान किया। जिसमें मुख्य महाप्रबंधक अरुण कुमार त्यागी सपत्नीक सम्मिलित होकर कलश यात्रा का शुभारंभ करते हुए कथा स्थल तक कलश स्थापना की गई। इस शत चंडी महायज्ञ को लेकर एसईसीएल गेवरा प्रबंधन के द्वारा विशेष तैयारी के साथ गेवरा पंडाल में श्रद्धालुओं के बैठने के लिए भी विशेष व्यवस्था और भोग भंडारे का आयोजन प्रबंधन द्वारा किया जा रहा है। प्रबंधन के द्वारा पूरे श्रमिक परिवारों को इस यज्ञ में शामिल होकर क्षेत्र की सुख समृद्धि और अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए आह्वान किया जा रहा है सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक चलने वाले इस शत चंडी महायज्ञ में श्रमिक परिवारों की उपस्थिति भी देखने को मिल रही है।

## खबर संक्षेप

### नशा मुक्ति भारत अभियान का हुआ आयोजन

**पाली।** अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा संगठन डिवाइन इंडिया यूथ एसोसिएशन दिया ग्रुप मंडल के द्वारा बुधवार को पाली में दो प्रमुख विद्यालय में नशा मुक्ति भारत अभियान कार्यक्रम के तहत डिवाइन वर्कशॉप कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाली, हाईस्कूल शीष में सुबह तक दोनों विद्यालय में नशा मुक्ति अभियान, समय प्रबंधन, जीवन प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास आदि प्रमुख विषय पर विशाल डिवाइन वर्कशॉप कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर बच्चों को संदेश देते हुए दिया कोरबा जिला विस्तारक कु ऋचा स्वर्णकार ने कहा कि समय को पहचानें समय को सकारात्मक कार्यों में लगायें और सपनों को साकार करने उद्देश्य की प्राप्ति के लिए चुनौतियों को स्वीकार करते हुए संघर्ष करते हुए मार्ग के बाधाओं को दूर करते हुए उत्साह पूर्वक लक्ष्य की प्राप्ति करें। उन्होंने बच्चों को मार्शल आर्ट आत्मरक्षा के विषय में भी गतिविधि के माध्यम से जानकारी दी। कार्यक्रम के अवसर में 500 से अधिक बच्चों ने नशा मुक्ति का संकल्प लिया समाज में नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाने बच्चों ने भी विशेष संकल्प लिया।

### शिप्रा फाउंडेशन ने आयोजित किया स्वास्थ्य जागरूकता शिविर

**कोरबा।** शिप्रा सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा नवंबर में जिले में निवारक स्वास्थ्य सत्रों का आयोजन किया गया। इस हेल्थ कैंपेन के दौरान निःशुल्क परामर्श और ब्लड प्रेशर जांच की सुविधा प्रदान की गई। साथ ही परिवार नियोजन एवं कल्याण पर मुफ्त परामर्श, एचआईवी एड्स से जुड़ी जानकारी एवं जागरूकता तथा सड़क सुरक्षा संबंधी संदेश भी लोगों तक पहुँचाए गए। बीपी जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों को उच्च रक्तचाप के बारे में जानकारी दी गई। बीपी की माप की गई तथा स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा आहार संबंधी सुझाव भी प्रदान किए गए। कोरबा क्षेत्र के ट्रक ड्राइवरों और ऑपरेटरों को एचआईवी एड्स के बारे में जानकारी प्रदान की गई। जानकारी प्रदान की गई कि यह रोग कैसे फैलता है इसके लक्षण क्या हैं, इससे बचाव के उपाय, तथा उपलब्ध दवाओं और उपचार की जानकारी शामिल थी। जागरूकता अभियान के तहत ट्रक चालकों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने और सुरक्षित ड्राइविंग अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

### कृषि कॉलेज के रासेयो ने रैली निकालकर दिया पानी बचत का संदेश

**कोरबा।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कटघोरा कोरबा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सात दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम सिंधिया के सेजस स्कूल में 1 दिसंबर से किया जा रहा है। यह शिविर 7 दिसंबर तक चलेगा। इसमें विद्यार्थियों के द्वारा प्रातः दैनिक कार्य उपरांत 8 बजे से 11 बजे तक परियोजना कार्य करते हुए ग्राम रैली निकाल कर ग्राम पंचायत तथा शमशान का सफाई अभियान चलाया गया। मध्य बस्ती स्थित चौराहा में ग्रामवासियों को पानी व्यर्थ बहने से रोकने हेतु जागरूक किया गया। उनकी जानकारी को समझते हुए ग्रामीणों ने भी माना कि भविष्य में पानी व्यर्थ नहीं पाएंगे। तत्पश्चात दोपहर में तीसरे दिन की बौद्धिक चर्चा में मुख्य अतिथि रहे जेबीडी महाविद्यालय कटघोरा के प्राचार्य प्यारेलाल आदिले ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना देश के युवाओं के दिलों में राष्ट्रीयता और मानवता की भावना जागृत करने में अहम योगदान अर्पित कर रहा है।राष्ट्रीय सेवा योजना ने स्वामी विवेकानंद को आदर्श पुरुष के रूप में स्वीकार किया। छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए उन्होंने अपने सार्थक और सारगर्भित चर्चा की, जिससे स्वयंसेवकों में देश की रक्षा और सामाजिक सौहार्द्र बनाने की प्रेरणा जागृत हो। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रहे भारतीय जीवन बीमा निगम के वरिष्ठ अभिकर्ता मनोज कुमार गुप्ता ने छात्रों को सफलता के मूल मंत्र बताए।

### बिना ड्राइवर के पिकअप बढ़ी आगे, राहगीर घायल

**कोरबा।** बुधवार को पंडित रविशंकर शुक्ल नगर में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। एक टेंट हाउस का सामान खाली कर रही पिकअप वाहन अचानक बिना ड्राइवर के ही तेज रफ्तार में आगे बढने लगी। वाहन करीब 500 मीटर तक बेकाबू दौड़ती रही और इसी दौरान रास्ते में चल रहे एक राहगीर को जोरदार टक्कर मार दी और बिजली के खंभे से टकराकर रुक गई वरना और बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे में राहगीर बुरी तरह घायल हो गया। घटना के बाद कॉलोनीवासियों ने तत्काल मदद करते हुए घायल को नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। थोड़ी-सी लापरवाही का परिणाम बड़े हादसे का कारण बन सकता था।

### पुराने कपड़ों से मास्क व बैग बनाकर तैयार की उपयोगी सामग्री

**कोरबा।** शासकीय हाई स्कूल स्याहीमुड़ी के भुइयाँ ईको क्लब के विद्यार्थियों द्वारा अपशिष्ट सामग्री से उपयोगी वस्तुएँ बनाने की पहल की गई। विद्यार्थियों ने पुराने कपड़ों का उपयोग कर आकर्षक मास्क और बैग तैयार किए। तैयार किए गए मास्क को विभिन्न प्रकार के कार्यों में लगे लोगों जैसे मजदूरों, रेजा, कुली तथा स्वच्छता दीदियों को वितरित किया गया। संस्था की प्राचार्य डॉ. फरहाना अली ने बताया कि यह अभियान स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान के तहत चलाया गया। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पुराने कपड़ों का पुनः उपयोग पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# प्रभारी सचिव व महापौर ने किया इको स्टेप्स का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ शासन के प्रमुख सचिव एवं कोरबा जिला के प्रभारी सचिव रोहित यादव एवं महापौर ने आज निगम की अभिनव योजना इको स्टेप्स बैंकर्स ग्रीन एप्रोच का शुभारंभ किया। निगम एवं सहयोगी बैंकों की संयुक्त पहल पर इको स्टेप्स बैंकर्स ग्रीन एप्रोच की अभिनव योजना संचालित की गई है, इसके अंतर्गत निगम के उद्यानों के संधारण, संरक्षण, संचालन आदि की महती जिम्मेदारी विभिन्न बैंकों को दी गई है।

अलग खबर

संबंधित बैंक इन उद्यानों के संधारण, संरक्षण व वहां पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य अपने स्वयं के व्यय व स्त्रोतों से करेंगे, इससे एक ओर जहां नागरिकों को उद्यानों में बेहतर सुविधाएं मिलेगी, वहीं दूसरी ओर इन उद्यानों के संधारण, संचालन व संरक्षण में निगम द्वारा व्यय की जाने वाली लाखों रूपये की राशि की बचत होगी। आज घंटाघर निहारिका मुख्य मार्ग पर स्थित स्मृति उद्यान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ शासन के प्रमुख सचिव व कोरबा जिला प्रभारी सचिव श्री रोहित यादव एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के द्वारा उक्त योजना का विधिवत शुभारंभ किया गया, प्रभारी सचिव, महापौर व अन्य अतिथियों ने बैंकर्स प्रतिनिधियों को पौधेयुक्त गमले भेंटकर योजना का शुभारंभ कराया। इको स्टेप्स निगम का बेहतरीन कदम - इस मौके पर प्रभारी सचिव रोहित यादव ने कहा कि इको स्टेप्स बैंकर्स ग्रीन एप्रोच की यह योजना निगम का एक बेहतरीन कदम है, इससे उद्यानों की व्यवस्थाओं में और अधिक सुधार आएगा, सुविधाएं बेहतर हो सकेंगी। उन्होने कहा कि वर्तमान में आम जनमानस अपने स्वास्थ्य को लेकर बेहद जागरूक हो चुका है, उन्हें उनकी स्वास्थ्य गतिविधियों के लिए एक सुविधायुक्त स्थल उपलब्ध कराना आवश्यक है, निगम के इस कदम से उद्योनों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी, जिसका सीधा लाभ लोगों का मिलेगा। इस मौके पर प्रभारी सचिव श्री यादव ने स्वच्छ सर्वेक्षण की रैंकिंग में कोरबा को आठवां स्थान प्राप्त होने की बधाई देते हुए कहा कि इस उपलब्धि को प्राप्त करने में कोरबा के सभी पार्षदों, जनप्रतिनिधियों विशेषकर यहां के नागरिकों एवं निगम के अधिकारी कर्मचारियों की एक बड़ी सहभागिता रही है, जिसके लिए मैं आप सभी को साधुवाद देता हूं।

### कलेक्टर, आयुक्त, सभापति सहित पार्षद रहे उपस्थित




### इन 5 उद्यानों का संधारण करेंगे बैंक

निगम के जिन 5 प्रमुख उद्यानों के संधारण, संरक्षण व संचालन हेतु बैंकों को दिया गया है, उनमें महाराष्ट्रा बैंक को पुष्पलता उद्यान, एच.डी.एफ.सी. बैंक को स्मृति उद्यान, इंडियन ओवरसीज बैंक को साडा कालोनी शिव मंदिर उद्यान, आई.डी.एफ.सी. बैंक को महाराणा प्रताप नगर उद्यान तथा स्टेट बैंक आफ इंडिया को रविशंकर नगर उद्यान की जिम्मेदारी दी गई है।

## किसानों की सुविधा, सुरक्षित भंडारण और समय पर भुगतान पर जोर

# पाली- बक्साही धान उपार्जन केंद्रों की व्यवस्था का प्रभारी सचिव ने किया अवलोकन



निरीक्षण करते प्रभारी सचिव एवं कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के प्रभारी सचिव डॉ. रोहित यादव आज एक दिवसीय प्रवास पर कोरबा पहुंचे। प्रवास के दौरान उन्होंने पाली विकासखसंड के धान उपार्जन केंद्र पाली एवं बक्साही का स्थलीय निरीक्षण करते हुए खरीदी व्यवस्था की गहन समीक्षा की। डॉ. यादव ने दोनों केंद्रों में मौजूद सुविधाओं, तकनीकी व्यवस्था, भंडारण प्रणाली तथा किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

निरीक्षण में उन्होंने कंप्यूटर ऑपरेटरों से उपार्जन से संबंधित विस्तृत जानकारी लेते हुए जाना कि उपार्जन केंद्र में अब तक कितने किसानों ने धान बेचा है, प्रतिदिन किसानों की उपस्थिति कितनी रहती है तथा कुल कितना धान खरीदा जा चुका है। समिति प्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि बक्साही उपार्जन केंद्र में आज 16 टोकन जारी किए गए। डॉ यादव ने अधिकारियों से डेटा की पारदर्शिता एवं सटीकता पर विशेष ध्यान देने को कहा ताकि खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित होती रहे। डॉ. यादव ने टोकन वितरण की 70:30 अनुपात व्यवस्था की बारीकियों पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि बड़े किसानों के साथ छोटे और सीमांत किसानों के हितों की समान रूप से रक्षा होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राज्य सरकार की नीति प्रत्येक किसान को समान अवसर और सुविधा सुनिश्चित करने पर केंद्रित है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से सीधे संवाद भी किया। किसानों ने धान खरीदी की प्रक्रिया को सरल, तेज़ और अधिक व्यवस्थित बताते हुए शासन की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। डॉ. यादव ने उनकी खेती फसल की जानकारी ली व समस्याएँ सुनीं, सुझावों पर चर्चा की तथा फसल उत्पादन से लेकर बाजार व्यवस्था तक विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन भी दिया। डॉ. यादव ने उपार्जन केंद्रों में संचालित माइक्रो एटीएम व्यवस्था का भी अवलोकन किया। उन्होंने भुगतान की पारदर्शिता, गति और उपलब्धता के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि भुगतान प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की तकनीकी बाधा या देरी न हो, ताकि किसानों को समय पर और बिना परेशानी भुगतान प्राप्त हो सके। इसके पश्चात उन्होंने धान भंडारण स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने भंडारण व्यवस्था की मजबूती, साफ-सफाई, धान को सुरक्षित रखने हेतु तिरपाल की उपलब्धता तथा सुरक्षा उपायों का बारीकी से अवलोकन किया।

### कटघोरा में शासकीय कन्या विद्यालय का किया निरीक्षण



जिले के प्रभारी सचिव डॉ. रोहित यादव ने कटघोरा स्थित श्रीमती सरबती देवी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। जहाँ उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, शिक्षण प्रक्रिया और छात्राओं की परीक्षा तैयारी का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वे कक्षाओं में पहुँचे, जहाँ उस समय रसायनशास्त्र (केमिस्ट्री) की कक्षा चल रही थी। डॉ. यादव ने कक्षा 12वीं की छात्राओं से विषय से जुड़े प्रश्न पूछकर उनकी समझ का आकलन किया। उन्होंने गणित (मैथ्स) और जीवविज्ञान (बायो) विषयों का अध्ययन कर रहीं छात्राओं से भी उनकी पढ़ाई, तैयारी और अध्ययन के तरीकों पर बातचीत की। छात्राओं से भविष्य के लक्ष्य पूछने पर जब कई छात्राओं ने डॉक्टर बनने की इच्छा जताई, तो डॉ. यादव ने चिकित्सा क्षेत्र में प्रवेश की पूरी प्रक्रिया को सरल रूप से समझाया। उन्होंने छात्राओं को तैयारी के आवश्यक चरणों और सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन भी दिया। इस दौरान उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा नीट और आईयूपीएससी के पूर्ण रूप भी पूछे, जिनका छात्राओं ने आत्मविश्वास से उत्तर दिया।

# बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता चिकित्सकीय दक्षता प्रशंसनीय



स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के प्रभारी सचिव डॉ. रोहित यादव ने अपने एकदिवसीय प्रवास के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र की संपूर्ण व्यवस्थाओं, स्वास्थ्य सेवाओं और मरीजों की सुविधा का गहन अवलोकन किया।

डॉ. यादव ने सीएचसी के निरीक्षण के दौरान जनऔषधि केंद्र में दवाओं की उपलब्धता, वितरण की प्रक्रिया और उनकी गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने सभी जरूरी दवाएँ मरीजों को नियमित रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डॉ. यादव ने स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मचारियों की संख्या, ओपीडी सेवाओं की उपलब्धता के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने डॉक्टरों से चर्चा करते हुए भर्ती मरीजों की संख्या, उपचार प्रक्रिया और आने वाली चिकित्सा चुनौतियों के समाधान के संबंध में विस्तृत चर्चा की। डॉक्टरों नें बताया कि अब स्वास्थ्य केंद्र में बिस्तरों की संख्या 50 से बढ़ाकर 100 कर दी गई है, जिससे अधिक संख्या में मरीजों को भर्ती और बेहतर सुविधा प्रदान की जा सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के विभिन्न वार्ड का अवलोकन किया। उन्होंने उपचाराधीन मरीजों से स्वास्थ्य लाभ, खाने-पीने तथा देखभाल की सुविधाओं की जानकारी ली। डॉ. यादव ने चिकित्सकों को निर्देशित किया कि मरीजों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान डॉ. यादव ने शिशु चिकित्सक वार्ड का निरीक्षण भी किया। उन्होंने नवजात बच्चों की स्थिति, उनके उपचार और स्वास्थ्य सुरक्षा की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने केंद्र में बच्चों के लिए सभी जरूरी संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित कराने एवं शिशु स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने निर्देशित किया। साथ ही ऑपरेशन थिएटर का अवलोकन कर केन्द्र की सर्जिकल सुविधाओं और उपकरणों की स्थिति के बारे में जानकारी ली। इस दौरान प्रभारी सचिव डॉ यादव ने स्वास्थ्य केंद्र की इन्फ्रास्ट्रक्चर, उपकरण और सुविधाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में आधुनिक सुविधाओं की उपलब्धता, चिकित्सकीय दक्षता और मरीजों की देखभाल की समर्पित व्यवस्था प्रशंसनीय है।

# किस्त जारी होने के बाद भी आंगनबाड़ी का निर्माण कार्य नहीं हुआ पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

चैतमा में पदस्थ सचिव से ग्रामीण परेशान इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पाली विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत चैतमा एवं मानिकपुर ग्राम पंचायत में लंबे समय से शांति दास मानिकपुरी को सचिव पद पर पदस्थ किया गया है। जिनके क्रियाकलापों को लेकर ग्रामीण काफी परेशान है। ग्राम पंचायत चैतमा में महीना पहले आंगनवाड़ी भवन के लिए स्वीकृति मिल चुकी है। उसका प्रथम किस्त भी निकाला जा चुका है, किंतु आज दिनांक तक कार्य आरंभ नहीं हुआ है। चैतमा में 6 महीना पहले आंगनबाड़ी केन्द्र स्वीकृत हुआ था, जो आज दिनांक तक अधूरा है। उक्त आंगनवाड़ी के लिए सड़क किनारे शासकीय भूमि होने के बावजूद 500 मीटर सड़क से अंदर बनवाया गया है, जहां पर छोटे-छोटे बच्चों को बरसात के दिनों में आने जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। चारपारा एवं भरवामुंडा तथा चैतमा 2 के लिए भी आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत हो चुका है और इसका पैसा प्रथम किश्त आहरण हो चुका है, किंतु निर्माण कार्य आज पर्यंत तक शुरू नहीं हो सका है। यहां पढ़ने वाले बच्चे किराए के भवन में आंगनवाड़ी संचालित हो रहा है। इसी प्रकार ग्राम



पंचायत मानिकपुर के अंतर्गत आने वाले आश्रित मोहल्ला सजा बहरी के मरघट में शेड निर्माण एवं बोर खनन करवा कर उसमें सबमर्शिबल पंप एवं सिंटेक्स लगवाना था, किंतु वहां पर हैंडपंप स्थापित कर एवं आधा अधूरा शेड निर्माण करवा कर छोड़ दिया गया है। यही नहीं उक्त सचिव द्वारा शासन प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायत में समय-समय पर ग्राम सभा का आयोजन होना रहता है, जिसमें शासन द्वारा संचालित भिन्न-भिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देनी रहती है, किंतु उक्त सचिव द्वारा इसका भी आयोजन नहीं किया जाता जिससे शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को नहीं मिल पाती है।

# माइलेज भत्ता बढ़ाने की मांग को लेकर जारी भूख हड़ताल समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा में ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के बैनर तले लोको पायलटों ने 48 घंटे की भूख हड़ताल के बाद काम पर वापसी की है। हालांकि उन्होंने अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी रखने की बात कही है। लोको पायलटों का कहना है कि केंद्र सरकार ने अन्य केंद्रीय कर्मचारियों के भत्तों में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है, लेकिन उनके भत्ते नहीं बढ़ाए गए है। उनकी प्रमुख मांगों में लोकोमोटिव में शौचालय की सुविधा का अभाव भी शामिल है, जिससे विशेषकर महिला लोको पायलटों को परेशानी होती है। इसके अलावा पर्याप्त आराम न मिलने से ट्रेन और यात्रियों की सुरक्षा पर भी असर पड़ने का दावा किया गया है।

लोको पायलटों की अन्य मांगों में 1 जनवरी 2024 से किलोमीटर भत्ता और टीए में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी और एरियर का भुगतान शामिल है। वे किलोमीटर भत्ते के 70 प्रतिशत हिस्से को आयकर से छूट देने और 10 हजार की सीमा हटाने की भी मांग कर रहे हैं। इसके साथ ही, रनिंग स्टाफ को साप्ताहिक 46 घंटे का आराम, हादसों की स्थिति में 'रिमूवल फ्रॉम सर्विस' की सजा खत्म करने और ड्यूटी का अधिकतम समय 8 घंटे तय करने की मांग भी की गई है। कोरबा लॉबी बेस के अलग-अलग साइडिंग ट्रिप साइडिंग माइलेज की विसंगतियों को दूर करने की भी मांग उठाई गई है। कोरबा में पदस्थ लोको पायलट विवेकानंद चंद्रा ने बताया कि बिलासपुर डिवीजन में लगभग 4500 स्टाफ की कमी है। स्टाफ की कमी के कारण उन्हें पर्याप्त छुट्टी नहीं मिल पाती, जिससे काम का बोझ बढ़ जाता है। नई भर्तियां होने से स्टाफ को राहत मिलेगी और रेलवे के संचालन में भी सुविधा होगी। उन्होंने यह भी बताया कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए 'कवच' सुरक्षा प्रणाली दी गई है, लेकिन बिलासपुर संभाग में अभी तक इसका इंस्टॉलेशन नहीं हुआ है। इस प्रणाली के लागू होने से सुरक्षा में काफी सुधार होगा। कोरबा में पदस्थ लोको पायलट आर यादव ने पुष्टि की कि 48 घंटे के आंदोलन के बाद वे काम पर लौट रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी मांगें रेलवे प्रशासन के समक्ष रखी गई हैं।



हड़ताल में शामिल लोको पायलट।

## पृष्ठ 1 का शेष

### अवैध उत्खनन...

लगातार मैदान में काम कर रही है और अवैध रूप से उत्खनन में परिवहन करने वाले तस्करों के खिलाफ कार्रवाई भी कर रही है। खनिज विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक खनिज विभाग की टीम ने पिछले अप्रैल महीने से अब तक खनिज के अवैध परिवहन के सबसे ज्यादा कुल 202 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिनमें खनिज विभाग खनिज अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर 202 प्रकरणों में कुल 29 लाख 14 हजार 97 रूपये जुर्माने के रूप में वसूली की गई है, जबकि इसी तरह अवैध उत्खनन के कुल 20 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिसमें कुल 8 लाख 54 हजार 203 रूपये बतौर जुर्माने के रूप में वसूल किया गया है। जबकि इसी तरह अवैध भंडारण के 9 मामले में जुर्माना 22 लाख 37 हजार 878 रूपये वसूल किया गया है। जिले में अब तक कुल उत्खनन एवं परिवहन व भंडारण के कुल 231 प्रकरण दर्ज कर 60 लाख 6 हजार 178 रूपये बतौर जुर्माने के रूप में वसूली कर चुका है। बचे शेष दिनों में विभाग का प्रयास होगा कि अधिक से अधिक खनिज तस्करों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही कर ज्यादा से ज्यादा जुर्माने की राशि वसूलकर अपना टार्गेट को पूरा करना होगा।

### स्वास्थ्य सुविधा का...

के बीमार शिशुओं को समय पर बेहतर इलाज के लिए 102 महतारी एक्सप्रेस एंबुलेंस और संजीवनी एक्सप्रेस की क्रमशः 14-11 गाड़ियां मिली थी। इसके लिए एक निजी एजेंसी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। संचालक एजेंसी की ओर से एंबुलेंस की न तो समय पर सर्विस कराया जा रहा है, न ही खराब सामानों की बदली कराई जा रही है। कई बार दुर्घटना होने के बाद गाड़ियों को ठीक भी नहीं कराया जा रहा है। इस कारण धीरे-धीरे अब कई एंबुलेंस की गाड़ियां खटारा हो चुकी हैं। महतारी एक्सप्रेस की ही चार गाड़ियां दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो गई है, जो सड़क से बाहर हो चुकी है। इस कारण गर्भवती महिलाओं व एक साल तक के शिशुओं को समय पर बेहतर इलाज नहीं मिल रही है। इसके अलावा संजीवनी एक्सप्रेस भी दुर्घटना स्थल पर समय पर नहीं पहुंचती है। इस तरह के पहले भी कई मामले सामने आ चुके हैं। कई बार एंबुलेंस देरी से पहुंच रही है, तो कई बार मरीजों को कॉल का रिस्पांस भी नहीं मिल रहा है। इसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग गंभीरता नहीं दिखा रही है। इधर बिलासपुर, रायपुर हायर सेंटर जाने पर एंबुलेंस लगभग 12 से 18 घंटे के लिए व्यस्त हो जाती है। इस दौरान अन्य मरीजों को एंबुलेंस की जरूरत पड़ने पर समस्या बढ़ जाती है।

### ग्रामीणों ने घेरा...

कोरबा (ग्रामीण) की अध्यक्ष प्रभा सिंह तंवर एवं पदाधिकारियों ने एसईसीएल प्रबंधन को चेतावनी दी कि प्रबंधन 15 दिवस के भीतर बसाहट सहित इन चार सूत्रीय मांगों का त्वरित निराकरण करे अन्यथा जिला महिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीणों के साथ मिलकर एसईसीएल गेवरा प्रबंधन के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा। महिला कांग्रेस के चार सूत्रीय मांग पत्र में विधवा, परित्यक्ता या ऐसी महिला विस्थापित सदस्य जिनका मकान सर्वे/मुआवजा भुगतान पति की मृत्यु के बाद हुआ हो उनके नाम पर कोल इंडिया पुनर्वास नीति के तहत बसाहट राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ऐसे विस्थापित सदस्य जो मकान सर्वे, मुआवजा भुगतान या पुनर्वास प्रक्रिया के दौरान दिवंगत हो चुके हैं उनके आश्रितों को भी पुनर्वास नीति के तहत बसाहट राशि का भुगतान किया जाए, विस्थापन वर्ष 2010 से छूटे हुए सभी भूविस्थापित सदस्यों को तत्काल बसाहट राशि प्रदान की जाए, जिन महिलाओं को केवल इस आधार पर बसाहट राशि से वंचित किया गया है कि उनका पुत्र अब वयस्क (बालिग) हो गया है उन्हें तत्काल विस्थापित सदस्य मानते हुए बसाहट राशि दिए जाने संबंधी मांग शामिल हैं। प्रदर्शन में कांग्रेस प्रदेश सचिव तनवीर अहमद, सूरज दास मानिकपुरी, अनीता तिवारी, आशा देवी रजक, हर्षित देवी राजपूत, खगेश बरेठ, रोशन निर्मलकर, नवीन कुकरेजा, अविनाश यादव, भुनेश्वरी दास, संतोषी पाटले सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**समक्षः श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं शाहरूख मेमन, उम्र 30 वर्ष, पिता आरिफ मेमन, निवासी-वार्ड नं. 13, फुलवारीपारा बागबहरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.) का निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूंः-

1. यह कि, उपरोक्त वर्णित पते का निवासी हूं तथा मेरा आ.नं. 2839 8385 9454 है।
2. यह कि, मेरे पुत्र मोहम्मद शाहजेब मेमन, जिसका जन्म प्रमाण पत्र नगर पालिक निगम कोरबा से जारी किया गया है, जिसकी पंजी. संख्या- B20252290172000З131 है तथा जारी दिनांक 24.09.2025 है।
3. यह कि, मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसके नाम के स्पेलिंग त्रुटिवश MOHAMMAD SHAHZEB MEMON दर्ज है, जबकि उसका सत्य एवं सही नाम MOHAMMAD SHAHZEB MEMAN है तथा पिता का नाम त्रुटिवश SHAHRUKH दर्ज हो गया है जबकि मेरा सही एवं वास्तविक नाम SHAHARUKH MEMAN है।
4. यह कि, मैं अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका सही एवं वास्तविक नाम MOHAMMAD SHAHZEB MEMAN है एवं पिता अर्थात मेरा सत्य एवं सही नाम SHAHARUKH MEMAN दर्ज कराना चाहता हूं।
5. यह कि, यह शपथ पत्र मेरे उपरोक्त कथन के समर्थन में निष्पादित है, जिसे संबंधित कार्यालय / विभाग में प्रस्तुत करना है।

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 05 तक की लिखी समस्त बातें मेरी जानकारी में सत्य व सही है, जिसे पढ़कर, समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूं।

**शपथकर्ता**
**शाहरूख मेमन**

**शपथ पत्र**

मैं रंजना कुमारी उम्र लगभग 25 वर्ष, पिता मनेजर फर्रे, जाति- सतनामी, निवासी-चंद्रिका दफाई, पोस्ट- भैरोताल, वार्ड क्रमांक 48, कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.) की होकर निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करती हूंः

01. यह कि, मैं उक्त पते पर निवासरत हूं।

02. यह कि, स्वेच्छापूर्वक अपनी स्वयं की सहमति से बालिग होने के कारण शिवम गुप्ता पिता स्व. अशोक गुप्ता निवासी- पुरानी बस्ती कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.) के साथ दिनांक 03/12/2025 को आर्य समाज मंदिर आई.टी.आई. रामपुर कोरबा में वैदिक रीति-रिवाज के अनुसार विवाह कर विवाह संस्कार में बंध चुकी हूं। उक्त विवाह हेतु मुझ पर शिवम गुप्ता व उनके परिवार वालों के द्वारा किसी प्रकार का दबाव, प्रभाव व प्रलोभन नहीं बनाया गया है। मैं स्वतंत्र सहमति और स्वेच्छा से शिवम गुप्ता से विवाह की हूं। वर्तमान एवं भविष्य में उक्त विवाह के संबंध में मेरे अथवा मेरे परिवार के द्वारा शिवम गुप्ता व उसके परिवार के विरुद्ध किसी प्रकार की शिकायत/रिपोर्ट दर्ज करायी जाती है तो उसे अवैध एवं शून्य माना जावे।

03. यह कि, यह शपथ पत्र मेरे उपरोक्त कथन के समर्थन में निष्पादित किया गया है, जिसे आवश्यकतानुसार संबंधित कार्यालय / विभाग में प्रस्तुत करना है।

**शपथकर्ता**
**रंजना कुमारी**
**पिता मनेजर फर्रे**
**निवासी-चंद्रिका दफाई, पोस्ट- भैरोताल, वार्ड क्रमांक 48, कोरबा**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### ठंड से बचने वृद्धजनों को कंबल का किया गया वितरण

**कोरबा।** विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष में श्री कपिलेश्वर नाथ महिला मंडल सेवा समिति पंडित रविशंकर शुक्ला नगर के द्वारा 60 दिव्यांग जनों को कंबल का वितरण किया गया। वृद्धजनों के उत्साह वर्धन के लिए अनेक बौद्धिक जानकारी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सियान सदन घंटाघर में वृद्धजनों को कंबल वितरण किया गया। इस दौरान श्रीमती सुधा झा, श्रीमती रीना सिंह, श्रीमती मथुरा, श्रीमती ममता गुर्जर का योगदान रहा। समिति अध्यक्ष उपेंद्र राठौर, सशक्त दिव्यांगजन संघ के अध्यक्ष पन्नालाल नेशनल व्हीलचेयर क्रिकेट टीम छत्तीसगढ़ के प्लेयर भी उपस्थित रहे।

### उपार्जन केंद्र चैतमा में धान खरीदी का नहीं हुआ उठाव



**चैतमा।** चैत्मा उपार्जन केंद्र एवं एवं जिले के सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक एवं कर्मचारियों के हड़ताल के कारण धान खरीदी देर से प्रारंभ हुआ। उसके बावजूद भी चैतमा उपार्जन केंद्र में अब तक 4 हजार हजार क्विंटल से अधिक की धान खरीदी हो चुकी है, किंतु उठाओ नहीं होने के कारण सेवा सहकारी समिति के कर्मचारी एवं प्रबंधकों में यह चिंता व्याप्त है। सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक कौन है प्रशासन से मांग किया है कि उपार्जन केंद्र में खरीदा गया धान का उठाओ जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जाए ताकि लोगों को राहत मिले।

### अशोक वाटिका के मुख्य द्वार में नियम शर्तों का बोर्ड लगाने की मांग



**कोरबा।** निगम के नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि जनहित में अशोक वाटिका के मुख्य द्वार में नियम व शर्तों का बोर्ड लगाने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करें। श्री साहू ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि कोरबा जिला अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी द्वारा अशोक वाटिका के संचालन एवं संधारण हेतु निजी फर्म को आबंटित किया गया है। जिला अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी एवं फर्म के बीच जिन नियमों एवं शर्तों के तहत अनुबंध किया गया है, इसकी जानकारी उपयोगकर्ताओं को हो और उपयोगकर्ताओं को संबंधित शुल्क, समयावधि एवं नियमों की जानकारी होने पर उन्हें किसी प्रकार की परेशानी एवं विवाद की स्थिति निर्मित नहीं होगी और जनहित में अशोक वाटिका के मुख्य द्वार में समस्त जानकारी अंकित हों।

### बांकीमोंगरा हाईस्कूल में छात्राओं को सायकल का किया गया वितरण



**कोरबा।** बांकीमोंगरा शासकीय हाईस्कूल बांकी साइड में गुरूवार को शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा 9वीं की छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा की अध्यक्ष सोनी विकास झा मौजूद रहीं। उन्होंने छात्राओं को सायकल की चाबियां सौंपते हुए कहा कि यह योजना छात्राओं में उच्च शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने और स्कूल ड्रॉप आउट दर को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने छात्राओं से मन लगाकर पढ़ाई करने और क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, कोषाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, वरिष्ठ नेता अजीत कैवर्त, हनुमान पांडे, लक्ष्मीचंद अग्रवाल, प्राचार्य केएल डहरिया, वरिष्ठ व्याख्याता आरके पाण्डेय, डॉ.एन चन्द्रा, शिवकुमारी दिवाकर, जयप्रकाश झा आदि उपस्थित थे।

# कमांडेंड पर लगे आरोप की जांच करने डिवीजनल कमांडेंड ने सैनिकों का आयोजित किया सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर


नगर सेना के कमांडेंड द्वारा जिले के सैनिकों को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। इसे लेकर पिछले दिनों जिले के सैनिकों ने अपना कामबंद कर कमांडेंड के खिलाफ प्रदर्शन किया था। अब यह मामला लगातार तुल पकड़ता ही जा रहा है। कमांडेंड के खिलाफ किए गए शिकायत की जांच के लिए डिविजनल कमांडेंड गुरूवार को कोरबा पहुंचे थे, जहां उन्होंने जिले के सैनिकों का सम्मेलन आयोजित कराया और सैनिकों की समस्याओं व शिकायतों को एक एक कर सुना और मामले की जांच कर जांच रिपोर्ट आला अधिकारियों को सौंपी जाएगी। हालांकि जिले के सैनिक अभी भी अपनी मांगों पर अड़े हैं। यदि रविवार तक कमांडेंड को नहीं हटाया गया तो सोमवार से उग्र प्रदर्शन करने की चेतावनी दी जा चुकी है।

उल्लेखनीय है कि जिले में पदस्थ नगर सैनिकों को जिला कमांडेंड अनुज कुमार एक्का द्वारा लंबे समय से किसी न किसी बात को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। इसे लेकर विगत दिनों जिले के सभी सैनिकों ने अपने कमांडेंड के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए रिस्दी रोड स्थित कमांडेंड कार्यालय में जमकर प्रदर्शन किया था। अब इस मामले को लेकर डिविजल कमांडेंड श्री नेताम गुरूवार को कोरबा पहुंचे थे, जहां रिस्दी रोड स्थित जिला सेनानी के कार्यालय में उन्होंने सैनिकों का सम्मेलन आयोजित किया था, जहां डिविजनल कमांडेंड द्वारा सैनिकों से बातचीत कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए और मामले की पूरी जांच की है। डिविजनल कमांडेंड द्वारा अपनी जांच रिपोर्ट आला अधिकारियों को सौंपी जाएगी। ज्ञात रहे कि नगर सैनिकों ने आरोप लगाया कि कमांडेंट ऑफिसर द्वारा उनके साथ लगातार अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है। जवानों के मुताबिक सुबह तड़के जबरन जनरल परेड में बुलाया जाना, दूर दराज क्षेत्रों में द्वेषपूर्ण पोस्टिंग, दुर्व्यवहार और सेवा पुस्तिका खराब करने की धमकी जैसी गंभीर शिकायतें लंबे समय से उठाई जा रही थीं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए आज संभागीय सेनानी कोरबा पहुंचे, जहां उन्होंने नगर सेना के जवानों का सम्मेलन लेकर एक-एक शिकायत सुनी और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। हालांकि बैठक के बाद भी जवान आश्वस्त नहीं दिखे और उन्होंने मौके पर ही तुरंत कार्रवाई की मांग दोहराई है, लेकिन अब तब जिला कमांडेंड अनुज एक्का के खिलाफ कार्यवाही नहीं होने से नगर सैनिक आक्रोशित हैं। नगर सैनिक दबी जुबान पर कह रहे हैं कि यदि रविवार तक कमांडेंड के खिलाफ कार्यवाही या उन्हें लंबी छुट्टी पर नहीं भेजा गया तो वे सोमवार को पुनः आंदोलन कर सकते हैं।

## तुरंत कार्रवाई की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**खास बातें**

- संभागीय सेनानी ने सुनी शिकायतें
- रविवार तक नहीं हुई कार्यवाही तो फिर हो सकता है प्रदर्शन



### सिविल लाइन थाना क्षेत्र की सतनाम नगर टायर दुकान के पास मिली थी लाश

# हरिभूमि की खबर से मृत युवक की चार दिनों बाद हुई पहचान, इलाज के लिए आया था मेडिकल हॉस्पिटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विगत दिनों सतनाम नगर टायर दुकान के पास एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली थी। चार दिनों के लंबे अंतराल के बाद युवक की पहचान हो गई है। जिसमें हरिभूमि ने इस समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। यह समाचार पढ़ने के उपरांत परिजनों को पता चला कि उसके पुत्र की मौत हो गई है। गुरुवार को हरिभूमि अखबार की कतरन लेकर परिजन सिविल लाइन थाना पहुंचे थे। जहां परिजनों ने मृत युवक की पहचान की। उसके बाद पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार रविवार की देर शाम सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रमोद डनसेना को स्थानीय लोगों से सूचना मिली कि सतनाम नगर टायर दुकान के समीप एक 35 वर्षीय युवक की लाश मिली है। लाश मिलने की सूचना पाते ही सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रमोद कुमार डनसेना दलबल सहित मौके पर पहुंचे थे, जहां पुलिस ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। जहां मृत युवक की पहचान नहीं हो पायी थी, जहां पिछले चार दिनों से सिविल लाइन पुलिस युवक की पहचान कार्यवाही में जुटी हुई थी। बताया जाता है कि हरिभूमि में प्रकाशित खबर व फोटो देखकर मृत युवक के परिजनों ने उसकी पहचान की है। बताया जाता है कि मृत युवक मूलतः पोड़ीउपरोड़ा का रहने वाला था, जिसकी पहचान राजकुमार सारथी पिता सुखीराम सारथी के रूप में की गई है। बताया जाता है कि राजकुमार सारथी अपने एक परिचित रिस्तेदार को लेकर उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचा था। जहां बाद वह घर नहीं पहुंचा था। फिलहाल पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। परिजनों ने जो पुलिस को जानकारी दी है उसके मुताबिक मृत राजकुमार की पत्नी कुछ वर्षों से उसे छोड़कर चली गई थी जिससे वह परेशान रहता था और आदतन शराबी भी था।



मृत युवक।

### युवक की शिनाख्त नहीं होने से पुलिस की बढ़ रही परेशानी

चार दिन पूर्व एक 40 वर्षीय युवक की चारों हाथ पैर के उंगलियां व गुप्तांग कटी हुई अवस्था में लाश मिली थी। चार दिन बीत जाने के बाद भी अब तक मृत युवक की पहचान नहीं हो पाई है, जिससे पुलिस की परेशानी बढ़ती ही जा रही है। हालांकि पुलिस उसकी शिनाख्ती के लिए हर संभव प्रयास में जुटी हुई है। यदि उसकी पहचान हो जाती है तो पुलिसिया जांच तेज होगी और आरोपियों तक पुलिस आसानी से पहुंच सकेगी। फिलहाल अभी पुलिस अभी पहचान कार्यवाही में ही जुटी हुई है। ज्ञात रहे कि करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ग्राम पंचायत औराई में 30 नवंबर को गांव के खेत में अज्ञात व्यक्ति की अधजली अवस्था में लाश मिली थी। अज्ञात हत्यारों ने युवक के दोनों हाथ और पैर के उंगलियों को काटने के अलावा उसके गुप्तांग को काट दिया है और जंगल में उसके लाश को ले जाकर ठिकाना लगाया गया था। जिस तरह से जंगल में उसकी लाश मिली है इससे ऐसी संभावना जतायी जा रही है कि हत्यारों ने उसकी हत्या कहीं और की है और उसके लाश को भी दूसरे स्थान पर जलाया गया है। फिर औराई के जंगल में उसकी लाश को फेंका गया है। करतला पुलिस पिछले चार दिनों से उसकी शिनाख्ती के लिए आसपास के गांव की खाक छान नहीं है। साथ ही सोशल मीडिया के सहारे जिला सहित आसपास के पड़ोसी जिलों में हर संभव प्रयास में जुटी हुई है कि उसकी पहचान हो जाए और पुलिस हत्यारों के गिरेबाह तक पहुंच सके।

# दीपका प्रबंधन के खिलाफ पैदल मार्च कर सौंपा ज्ञापन



ज्ञापन सौंपते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

एसईसीएल दीपका प्रबंधन की जबरदस्ती मनमानीपूर्ण रवैया व मकान नापी सर्वे व ड्रोन सर्वे के विरोध में गुरुवार को ग्राम विकास समिति के तत्वावधान में 24 नवंबर से चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थल से दो किमी पैदल मार्च करते हुए बड़ी संख्या में पुरुष-महिलाएं अपने हाथों में लाठी-डंडे और झाड़ लिए एसईसीएल दीपका प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हरदीबाजार तहसील कार्यालय पहुंच कर तहसीलदार की अनुपस्थिति में बाबू सुरेश देवांगन व ऋषि देवांगन को ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर के नाम दिए ज्ञापन में एसईसीएल दीपका प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए किसी भी मांगों पर सार्थक चर्चा नहीं होने, जबरदस्ती मकानों व परिसंपत्तियों की नापी सर्वे करने सहित 2004-2010 व 2025 अधिग्रहण पर बैठक नहीं हुई न सार्थक सहमति नहीं बन पाई। ऐसी स्थिति में ग्राम का नापी सर्वे व ड्रोन सर्वे को बंद किया जाए। ड्रोन सर्वे से गांव में अशांति व रोष का माहौल है। नापी सर्वे व ड्रोन सर्वे को तत्काल रोका जाए। आज ग्राम समिति की एकजुटता, पैदल मार्च और रोष की जानकारी होने पर एसईसीएल दीपका प्रबंधन की नापी सर्वे की टीम हरदीबाजार नहीं पहुंची। तत्पश्चात ग्राम विकास समिति पुनः हड़ताल स्थल पहुंची और आगामी रणनीति पर लग गई। इस दौरान ग्राम विकास समिति के सदस्यों, सराईसिंगार व हरदीबाजार के पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामवासियों सहित बड़ी संख्या महिला पुरुष शामिल हुए।

# कसनिया में अतिरिक्त धान-चावल किया गया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशानुसार बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पोड़ी उपरोड़ा के नेतृत्व में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सहायक खाद्य अधिकारी, मंडी उपनिरीक्षक, राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारी की संयुक्त टीम द्वारा कसनिया एवं सुतर्रा क्षेत्र के कुल 7 राइस मिलों का भौतिक सत्यापन किया गया।

सत्यापन के दौरान श्रीराम राइस मिल, कसनिया के गोदाम में 3073 कट्टी (1229.20 क्विंटल) अतिरिक्त धान तथा 1500 क्विंटल अतिरिक्त चावल पाया गया, जिसके संबंध में मिल प्रबंधन द्वारा किसी प्रकार का वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। इस हेतु अतिरिक्त पाए गए धान को गोदाम में सील कर प्रोपाइटर के सुपुर्द रखा गया। इसी प्रकार कुशल राइस मिल, सुतर्रा में 749.44 क्विंटल धान की कमी दर्ज की गई। शेष 4 राइस मिलों में सीएमआर शून्य प्रदर्शित था, किसी भी प्रकार की धान या चावल की कमी-बेशी नहीं पाई गई। संयुक्त दल द्वारा संपूर्ण कार्यवाही नियमानुसार संपादित की गई एवं प्रकरण संबंधित विभागों को अग्रेषित किया जा रहा है।



धान जब्ती कार्यवाही करते हुए।

### पाली में 107 क्विंटल धान जप्त

पाली तहसील क्षेत्र में अवैध धान भंडारण पर लगातार कार्रवाई करते हुए बुधवार को ग्राम परसदा में थोक व्यापारी अजय किराना (संचालक- द्वारिका जायसवाल) के प्रतिष्ठान में अवैध रूप से संग्रहित लगभग 107 क्विंटल पाया गया। मंडी अधिनियम के अंतर्गत यह कार्यवाही अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाली रोहित सिंह के निर्देशन में तहसीलदार भूषण सिंह मंडावी, नायब तहसीलदार सुजीत पाटले, मंडी निरीक्षक दिनेश, खाद्य निरीक्षक तथा हल्का पटवारी की संयुक्त टीम द्वारा की गई। अवैध रूप से संग्रहीत धान को नियमानुसार जप्त कर पंचनामा तैयार किया गया एवं आगे की कार्रवाई हेतु प्रकरण संबंधित विभाग को प्रेषित किया जा रहा है।

# स्काउट ध्वजारोहण के साथ शुरू हुआ तृतीय सोपान एवं निपुण जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ध्वजारोहण के साथ जिला स्तरीय तृतीय सोपान एवं निपुण जांच शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर में जिले के पांचों विकासखंड से तीन सौ से अधिक स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स सम्मिलित हो रहे हैं। शिविर का आयोजन विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, क्र. 2, एचटीपीपी एवं सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संयुक्त रूप से हो रहा है। शुभारंभ सत्र में जिला मुख्य आयुक्त मोहम्मद सादिक शेख ने प्रतिभागी स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स को मार्गदर्शन प्रदान किया। शिविर संचालक डीगम्बर सिंह कौशिक, उत्तरा मानिकपुरी ने प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई। इस दौरान सहायक शिविर संचालक प्रीतम लाल राजवाड़े, मोहम्मद कलीम, कौशल प्रसाद सोनवानी, मृगेश कुमार पटेल, देवेन्द्र प्रताप सिंह गौतम, दिनेश पात्रे, लोकनाथ सेन, मनराखन अगरिया, राजीव साहू, पंकज साहू, जग्गनथ सिंह नेताम, पुष्पा शांडिल्य, आशालता कौशिक, रेणु श्रीवास्तव, शशिकला सोनी, लक्ष्मी राज, अनिता खलखो, राधिका विश्वकर्मा, ममता सोनवानी की उपस्थिति रही। रोवर मिनेश यादव, चेतन देवगन, रोशन, निलेश पटेल, वासु जसवाल, रेंजर प्रज्ञा साहू, वर्षा साहू, अंकिता रात्रे, ज्योति पटेल द्वारा कैम्प में सेवाएं दी जा रही हैं। शिविर संचालक डीगम्बर सिंह कौशिक ने बताया कि प्रतिभागियों को पाठ्यक्रम की जानकारी दी जा रही है। तृतीय सोपान के बाद पात्र स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स राज्यपाल जांच शिविर के लिए फार्म भरने की पात्रता प्राप्त करेंगे।



# बोलेरो की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मोरगा चौकी के ग्राम आमाटिकरा निवासी शिव कुमार श्याम अपने स्कूटी क्रमांक सीजी 12 बीटी 7592 में सवार होकर आमाटिकरा से चोटिया घरेलू सामान लेने निकला था। इस दौरान दोपहर लगभग 3 बजे लमना हाईस्कूल के पास मेनरोड में पहुंचा था कि कटघोरा की ओर से आ रही बोलेरो क्रमांक सीजी 10 एबी 1316 के चालक ने तेजी एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे शिव कुमार श्याम गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय राहगीरों की मदद से उसे उपचार के लिए पोड़ी उपरोड़ा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में दाखिल कराया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया है और दुर्घटना को अंजाम देने वाले बोलेरों चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780


### प्रभारी सचिव डॉ. रोहित यादव ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

# आमजन तक योजनाओं की पहुंच करें सुनिश्चित : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के प्रभारी सचिव एवं राज्य शासन में ऊर्जा, जनसम्पर्क, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने और आमजन को अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डॉ यादव ने कहा कि शासन की योजनाओं का उद्देश्य जनता तक सुविधा पहुंचाना है, इसलिए सभी अधिकारी विशेष प्रयास करते हुए लक्षित समूहों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाएं। उन्होंने योजनाओं की प्रगति, बाधाओं एवं समाधान पर भी विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में प्रभारी सचिव डॉ यादव ने शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने जिले में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन की जानकारी लेते हुए अधिक से अधिक लोगों को योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला प्रशासन को यूटिलिटी-लेड एग्रीगेशन (यूएलए) मॉडल द्वारा व्यक्तिगत आवासीय क्षेत्र के घरों में सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित करने की दिशा में गम्भीरता से कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में बड़े पैमाने पर योजना संचालित करने हेतु आमजनों को योजना से होने वाले लाभ एवं सब्सिडी की जानकारी देकर जागरूकता लाने का प्रयास किया जाए। साथ ही हितग्राहियों से अपने घरों में स्थापित सोलर प्लांट की देखरेख भी सुनिश्चित कराने की बात कही। जिससे बिजली का उत्पादन लगातार बनी रहे। कलेक्टर श्री वसंत ने इस सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रशासन द्वारा पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। पीएम जनमन योजना के तहत जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के हितग्राहियों के घरों पर भी पीएम सूर्यघर योजना से सोलर पैनल लगाए जा रहे है। वर्तमान में कुल 316 पीएम जनमन आवास में सोलर पैनल स्थापित करने की स्वीकृति दी गई है। आगे भी अन्य जनमन आवासों में सोलर पैनल लगाया जाएगा। डीएमएफ से हो रहे कार्यों की जानकारी में बताया कि जिले में आवागमन व्यवस्था को सुगम बनाने हेतु अनेक सड़को का निर्माण एवं मरम्मत कार्य स्वीकृत किया गया है।




अधिकारियों की बैठक लेते प्रभारी सचिव।

### राष्ट्रीय स्तर पर 8वें स्थान हासिल करने की दी बधाई

डॉ यादव ने नगर पालिक निगम अंतर्गत नगरीय निकायों के कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। पीएम आवास शहरी, 2.0, मोर जमीन मोर आवास, अमृत मिशन, राजस्व वसूली, मिशन वरुण सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण में कोरबा नगर निगम के राष्ट्रीय स्तर पर 8वें स्थान हासिल करने पर बधाई दी एवं आगे भी इसी उत्साह के साथ मेहनत करने के निर्देश दिए।

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
40 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411